दैनिक भास्कर 08/04/2023

# पोस्टर मेकिंग में मानविका को मिला पहला पुरस्कार



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग और अर्थशास्त्र विभाग ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई। जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर 23 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। कार्यवाहक प्रिंसिपल व अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा कंसल ने स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करते हुए महिलाओं व पुरुषों के समान अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग, अमनीश की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार बीए सेकेंड ईयर की मानविका, दूसरा पुरस्कार बीए प्रथम वर्ष की रीतिका व बीए तृतीय वर्ष की रिया को, तीसरा पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष की शक्ति को दिया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. सरोज बाला व डॉ. नियति रहीं। कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सीमा कंसल ने स्टूडेंट्स की सराहना की।